हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025


तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री


10 दुनिया ने देखी सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलताः सैनी





10 सेहत विभाग ने प्रारंभ किया सीवाई टीबी टेस्ट




## खबर संक्षेप

### पिकअप गाड़ी टक्कर से बाइक सवार की जान गई

**जींद।** गांव घोघड़ियां से बधाना रोड पर तेजरफ्तार पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव घोघड़िया निवासी कुलदीप (29) रविवार सुबह बाइक पर सवार होकर अपने खेत मे बधाना रोड पर जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर तेजरफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना बस अड्डे से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सुदकैन कलां निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी गत दिवस मायके से घर लौट रही थी। नरवाना बस अड्डे पर किसी व्यक्ति के फोन लेकर नरवाना से बाइक पर ले जाने की बात कही। जब नरवाना बस अड्डे पर पहुंचा तो लापता थी।

### दुकान से मारपीट करने पर एक के खिलाफ केस

**जींद।** गांव डाहौला में दुकान में घुस कर दुकानदार पर हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डाहौला निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह अपनी दुकान में बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव का ही हरपाल शराब के नशे में धुत्त हो कर पहुंचा। जब दुकान से बाहर जाने को कहा तो आरोपित ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

## आज खुलेगा आवेदन के लिए सेंट्रलाइज पोर्टल

# स्नातक में 11500 सीटें, 12वीं कक्षा में पास विद्यार्थी 14727

### *गत वर्ष 16 हजार से ज्यादा पास होने पर खाली थी 1500 सीट*

**विद्यार्थियों की सहायता के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने 1800-180-2133 टोल फ्री नंबर जारी किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में पढ़ाई को लेकर जो छात्र सपना देख रहे हैं, उनके सपनों की उड़ान को पंख सोमवार से लगेंगे। 12वीं कक्षा में पाए हुए छात्रों के लिए उच्चतर शिक्षा को लेकर सोमवार से दौड़ होने शुरू होने जा रही है। जींद में 17 महाविद्यालयों व सीआरएस यूनिवर्सिटी में स्नातक की कुल साढ़े 11 हजार सीटें हैं। जबकि 12वीं कक्षा में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से 11,152 तथा सीबीएसई के 3575 बच्चे पास हुए हैं। कुल 14727 बच्चे उच्चतर शिक्षा में दाखिले के लिए आवेदन करेंगे। हालांकि हर वर्ष यही उम्मीद लगाई जाती है कि कट ऑफ लिस्ट हाई जाने के चलते पहली ही मैरिट लिस्ट में महाविद्यालयों की सभी सीटें फुल हो जाएंगी। बावजूद इसके सीटें खाली रहती हैं। उच्चतर शिक्षा निदेशालय को कई-कई बार दाखिले के लिए मैरिट लिस्ट जारी करने के बाद फिर ओपन काउंसलिंग से सीटें भरनी पड़ती है। इस बार महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर क्या रहता है, यह आने वाला वक्त ही बताएगा। विद्यार्थियों की सहायता के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने 1800-180-2133 टोल फ्री नंबर जारी किया है। राजकीय महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर रहती है मारामारी : शिक्षा सत्र 2025-26 में स्नातक कक्षाओं के सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल 19 मई से खुलेगा। उच्चतर शिक्षा निदेशालय कॉलेजों को पत्र भेजकर कॉलेज की प्रोफाइल 17 मई तक अपडेट करने के निर्देश दिए थे। जिसे महाविद्यालय प्रशासन द्वारा अपडेट करवा दिया गया है। शहर के दो मुख्य महाविद्यालयों राजकीय महाविद्यालय और राजकीय महिला महाविद्यालय में दाखिले को लेकर सबसे ज्यादा मारामारी रहती है।



राजकीय महाविद्यालय जींद।

| संकाय | कुल सीटें |
|---|---|
| **रा. महाविद्यालय जींद** | |
| बीए | 600 |
| बीएएसी फिजिकल साइंस | 300 |
| बीएएसी लाइफ साइंस | 150 |
| बीकॉम | 220 |
| बीए इंग्लिश | 40 |
| बीए ज्योग्राफी | 40 |
| बीए हिस्ट्री | 40 |
| बीसीए | 120 |
| बीबीए | 40 |
| **रा. महिला महाविद्यालय जींद** | |
| बीए आर्टस | 400 |
| बीए इंग्लिश | 40 |
| बीकॉम | 240 |
| बीसीए | 60 |
| बीएससी इन फिजिकल साइंस | 160 |
| बीएसी फिजिक्स | 30 |

### आवेदन करते समय सावधानी बरतें



राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर जारी किए गए शेडयूल के तहत सोमवार से ऑनलाइन दाखिला आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। नई शिक्षा नीति पर आधारित विद्यार्थी अपने पसंदीदा विषयों का चयन कर सकते हैं। छात्र दाखिला आवेदन करते हुए सावधानी अवश्य बरतें। उच्चतर शिक्षा निदेशालय के महानिदेशक कॉलेजों से सीटों का अपडेट ब्यौरा मांगा था, जिसे उपलब्ध करवा दिया गया है। वर्ष 2025-26 के एडमिशन नेशनल एजूकेशन पॉलिसी (एनईपी) के तहत होंगे।

## जलभराव से परेशान लोगों ने लगाया जाम

### *नप और पब्लिक हेल्थ पर लापरवाही का लगाया आरोप*

- नप और पब्लिक हेल्थ एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल झाड़ रहे पल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

धौला कुआं पर जल निकासी की गंभीर समस्या से परेशान दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने रविवार को सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया और नगर परिषद व पब्लिक हेल्थ विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि उनके घरों और दुकानों के सामने लंबे समय से गंदा पानी जमा है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने बताया कि जलभराव के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे उनके रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। वहीं घरों में बदबू फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। वे नगर परिषद और पब्लिक हेल्थ विभाग दोनों के चक्कर काट चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। दोनों विभाग एकदूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो सफाई करवाई गई और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की गई। सड़कों पर गंदगी के ढेर लगे हैं और पानी जमा रहने से संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। जाम के चलते मार्ग पर यातायात घंटों बाधित रहा। जिससे राहगीरों और आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले वरना वे मजबूर होकर फिर से सड़कों पर उतरेंगे।



**नरवाना।** जाम लगाए लोगों द्वारा अवरूद्ध किया रास्ता। *फोटो :हरिभूमि*



**राजौंद।** असंध रोड पर नाका लगाकर वाहन चालकों की जांच करते हुए।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**राजौंद।** राजौंद के असंध रोड पर नहर किनारे पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की जांच की। सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि समय-समय राजौंद पुलिस नाके लगाकर वाहनों की जांच करती है। इसी को लेकर नहर किनारे नाका लगाकर उन वाहन चालकों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालन करनी चाहिए ताकि दुर्घटना पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि लगातार पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जांच भी करती है ताकि अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस दौरान पुलिस टीम ने हर गुजरने वाले चालक की बेल्ट चेक व टू व्हीलर के हेलमेट पर विशेष रूप से जांच करते टू व्हीलर वाहन चालकों को जागरूक किया।

### सीआईए स्टाफ ने छह सौ लीटर लाहण बरामद किया

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने बेलरखां में मकान पर छापेमारी कर छह सौ लीटर लाहण बरामद कर एक व्यक्ति को काबू किया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े व्यक्ति समेत दो लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव बेलरखां निवासी राजेश तथा जगदीप सांझे तौर अवैध शराब का कारोबार करते हैं। दोनों भारी मात्रा में कच्ची शराब निकालने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने जगदीप के घर पर छापा मारा। उसी दौरान मकान से निकल कर एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे पुलिसकर्मियो ने काबू कर लिया। जिसकी पुलिस पूछताछ मे पहचान राजेश के रूप में हुई। जब मकान की तलाशी ली गई तो स्टोर रूम से छह ड्रम लाहण के बरामद हुए। जिसकी मात्रा छह सौ लीटर पाई गई।




## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर मजदूर करेंगे बीस को प्रदर्शन

जींद। भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि 20 मई के जिला स्तरीय प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाएगा। गत 22 जनवरी को हरियाणा की सरकार व कल्याण बोर्ड द्वारा 50 हजार मजदूरों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया था। जिसके खिलाफ भवन निर्माण कामगार यूनियन ने प्रदेश में आंदोलन करते राज्य के श्रम मंत्री आवास पर भी प्रदर्शन किया था।

### दीवार गिराने पर सरपंच समेत 11 नामजद

**जींद**। गांव किनाना में प्लाट की दीवार तोड़ने, विरोध करने पर मारपीट करने तथा फोन छीनने पर सदर थाना पुलिस ने गांव की महिला सरपंच समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव किनाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव की सरपंच कविता उसके पति समेत कुछ अन्य लोगों ने प्लाट की दीवार को गिरा दिया।

### दंपती ने हमला करके किया घायल, केस दर्ज

जींद। गांव दनौदा कलां में प्लाट में गंदे पानी की निकासी का विरोध करने पर दंपती ने हमला कर व्यक्ति को घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा कलां निवासी महेंद्र ने शिकायत में बताया कि पड़ोसी गंगादत्त गंदे पानी की निकासी के नाली बना कर उसके प्लाट में छोड़ रहा था। जब उसने विरोध किया तो गंगादत तथा उसकी पत्नी ने कस्सी से उस पर हमला कर दिया।

### कार्यक्रम में व्यक्ति की जेब से दस हजार चोरी

**जींद**। उचाना मंडी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल व्यक्ति की किसी ने जेब तराश कर दस हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी बलवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उचाना मंडी में आयोजित कार्यक्रम में गया हुआ था। किसी ने भीड़ का फायदा उठाते उसकी जेब से दस हजार रुपये निकाल लिए।

### दुकान में शराब पिलाने के विरोध पर मारपीट

जींद। गांव रिटोली में दुकान में शराब पिलाने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने हमला कर व्यक्ति को घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रिटोली निवासी शमशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों कोर्ट में अधिव्यक्ता है। उसके मकान के सामने मुकेश ने दुकान खोली है।

### युवती की अश्लील वीडियो बना उसके भाई को भेजी

**जींद**। होटल में युवती की अश्लील वीडियो बना उसके भाई के पास भेजने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हिसार जिले की एक 24 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सब्जी मंडी के निकट एक होटल में गई हुई थी। जहां पर काम करने वाले यूपी निवासी शिवम ने उसकी अश्लील वीडिया व फोटो बना ली।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर

**जींद**। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है।

### मददगार साबित हो रही विवाह शगुन योजना

**जींद**। सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। योजना विशेष रूप से अनुसूचित जातिए पिछड़ा वर्ग, बीपीएल और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई है। योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है।

## लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का किया स्वागत

# दुनिया ने देखी सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलताः कर्मवीर सैनी

### जामनी में निकाली तिरंगा यात्रा, लोगों ने सेना के शौर्य एवं पराक्रम को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। जामनी गांव में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी एवं अन्य कार्यकर्ता।

हरियाणा कान्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर तक अंदर घुस कर वहां के आतंकवादी कैंपों को ध्वस्त कर पूरी दुनिया में भारत का लोहा मनवाया और 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिला कर पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया है। भारतीय सेना के इस ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता को पूरी दुनिया ने देखा है। जिसका परिणाम यह हुआ कि पाकिस्तान घुटने के बल आ गया। चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने यह बात रविवार को सफीदों विधानसभा क्षेत्र के जामनी गांव में ग्रामीणों द्वारा भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्यअतिथि के रूप में लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस तिरंगा यात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं युवाओं ग्रामीणों एवं महिला शक्ति ने बढ़चढ़ कर भाग लेकर भारत माता की जयकार की। तिरंगा यात्रा गांव की जिस भी गली व मार्ग से निकली, वहीं पर लोगों ने फूल बरसा कर यात्रा का स्वागत किया और अंत में देशभक्ति गीतों के साथ यात्रा संपन्न हुई। अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि जब भी किसी दुश्मन ने भारत की तरफ आंख उठा कर देखा है तो भारत ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं को खुली छूट दी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सीमाएं इतनी मजबूत हो गई हैं कि किसी भी दुश्मन भारत की तरफ आंख उठाने के लिए सौ बार सोचना पड़ेगा।

#### ये रहे मौजूद

चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि अब भारतीय वैज्ञानिकों ने इओएस.09 नामक ऐसा आधुनिक सैटेलाइट तैयार कर लिया है, जो देश में घुसपैठ और संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाएगा। यह आधुनिक सैटेलाइट भविष्य में एंटी टेररिस्ट ऑपरेशन में बहुत मददगार साबित होगा। यह सब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरगामी सोच के बदौलत ही संभव हो रहा है। इस तिरंगा यात्रा में दलबीर सिंगरोहा, विरेंद्र सैनी, प्रमोद सरपंच, जगदीश कश्यप, जयकिशन, रोशन गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना ने पाकिस्तान के घुटने टिकाए : रूद्राक्ष मिड्ढा

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जींद शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

झांज गेट पर रविवार को भाजपा सह संयोजक सुरेंद्र धवन की अध्यक्षता में देश के जवानों के सम्मान में तथा सिंदूर ऑपरेशन सफल होने के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की। यह तिरंगा यात्रा पंजाबी बाजार, तांगा चौक, मेन बाजार होते हुए थाना शहर जींद के सामने से लाजपत राय चौक पहुंचे। इनमें मुख्य रूप से भारत भूषण टाक, बलराज पांचाल, प्रवीण सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। युवा भाजपा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि भारतीय सेना के सम्मान में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई है व युद्ध के दौरान शहीद हुए वीर सैनिकों को नमन किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घुटने टिका दिए हैं।

#### हमारी भारतीय सेना पर गर्व

सुरेंद्र धवन ने कहा कि भारतीय सेवा के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में जींद में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई है। हमें हमारी भारतीय सेना पर गर्व है। भाजपा नेता भारत भूषण ने कहा कि भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर को सफल कर पूरे देश में अपनी वीरता का डंका बजा दिया है। उन्हीं के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। देश की मातृशक्ति भी भारतीय सैनिकों के साथ है और मातृशक्ति का आशीर्वाद उन पर सदैव बना रहेगा।



**जींद**। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते दिग्विजय चौटाला। *फोटो :हरिभूमि*

### मुद्दों को लेकर भाजपा के खिलाफ लड़े : चौटाला

जींद। जजपा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान ने हरियाणा के हिस्से का पानी रोक कर भांखड़ा डैम पर ताला लगाया है। वहां पर कुछ लोगों के साथ दुव्यवहार कर बंधक बनाया लेकिन प्रदेश सरकार हरियाणा के किसानों को पानी दिलवाने के लिए कोई काम नही कर रही। सरकार केंद्र की कठपुतली बनी हुई है। जजपा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला रविवार को जजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चौटाला ने कहा कि जजपा संगठन की मजबूती के लिए काम कर रही है। वह भाजपा की नाकामियों को लेकर जल्द ही प्रदेश की सभी विधानसभाओं में जाएगी। जहां पर जनता को भाजपा की गलत नीतियों से जागरूक किया जाएगा।

### भूमिका ने दसवीं कक्षा में प्राप्त किए 473 अंक

**नरवाना**। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 17 मई को जारी दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आर्यन पब्लिक स्कूलए हथो की छात्रा भूमिका सुपुत्री दुर्गा दत्त ने 473 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भूमिका ने दो विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के छात्र यश सुपुत्र बलविंदर सिंह ने 465 अंक लेकर द्वितीय व नितिन सुपुत्र प्रदीप कुमार ने 461 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं 8 बच्चों ने मेरिट में अपना स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी बच्चोंए उनके अभिभावकों व सभी अध्यापकगणों को भी बधाई प्रेषित की।

# दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आदर्श बाल स्कूल के बच्चे छाए

### 84 विद्यार्थियों में से 48 विद्यार्थियों ने मेरिट पाई

- विद्यालय की छात्रा प्रीति ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 84 विद्यार्थियों में से 48 विद्यार्थियों ने मेरिट, 26 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणीए 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी व 6 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की। विद्यालय की छात्रा प्रीति ने 93.20 %, हर्षित ने 92.60 % तथा खुशमीत ने 92.20 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगीत विषय में 6 बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

#### विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी

प्रबन्ध समिति के कुशल नेतृत्व विद्या भारती हरियाणा प्रांत के मार्गदर्शन व पूर्व प्राचार्य अनिल शर्मा पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य जोगिंदर सिंह वर्तमान प्रधानाचार्य देशराज शर्मा, सभी आचार्यों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की मेहनत के फलस्वरूप विद्यालय का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा है। विद्यालय प्रधानाचार्य देशराज शर्मा, प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी आचार्य भाई-बहनों विद्यार्थियों अभिभावकों को विद्यालय की इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# भारत की सेना ने पाक में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। टेकराम कंडेला अपने साथियों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि भारत की सेना का ऑपरेशन सिंदूर जो पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ चलाया गया था, यह ऑपरेशन सेना का पूरी तरह से सफल रहा। भारत की सेना ने पा में घुस कर नौ आतंकवादियों ठिकानों को धवस्त कर दिया। जिसमें सौ से ज्यादा आतंकवादियों को मारा गया। भारत के लोगों को सेना पर पूरा गर्व है, जो पाकिस्तान की हर जवाबी कारवाई का मुकाबला करने के लिए तैयार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों में भारत देश पूरी तरह से सुरक्षित है। कंडेला ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के सारे हमलों को हवा में ही धवस्त कर दिया। आज पाकिस्तान सारे विश्व में अलग थलग पड़ गया है। कोई भी देश उन पर भरोसा करने के लिए तैयार नही है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है आतंकवाद को जड़ से खत्म करके ही दम लेंगे। अगर पाकिस्तान की तरफ से भारत में कोई आंतकवादी हमला होता है तो पाकिस्तान को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। कंडेला ने जींद के विकास पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से जींद के विकास की गति और तेज हो गई है। जिस प्रकार एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है, जिस से हमारे जिले के खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा।



**नरवाना**। सम्मानित हुआ यशविंद्र। *फोटो :हरिभूमि*

### बॉक्सिंग खिलाड़ी यशविन्द्र ने जीता सिल्वर

**नरवाना**। केएम कॉलेज नरवाना बॉक्सिंग खेल नर्सरी के मुक्केबाज खिलाड़ी यशविन्द्र ने 5वें खेलो इंडिया यूथ बॉक्सिंग गेम्स में सिल्वर मैडल प्राप्त किया। बॉक्सिंग कोच वेद प्रकाश बडनपुर ने बताया कि 5वें खेलो इंडिया यूथ बॉक्सिंग गेम्स पटना में आयोजित किए गए। हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए गांव इस्माईलपुर के यशविन्द्र पुत्र राजेन्द्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर पदक पर कब्जा किया। बॉक्सिंग कोच वेद प्रकाश बडनपुर ने बताया कि यशविन्द्र ने दो महीने पहले दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में रजत पदक जीतकर 5वें खेलो इंडिया यूथ नेशनल गेम में अपना स्थान सुनिश्चित किया था। रजत पदक जीतने पर मुक्केबाज यशविन्द्र का गांव में पहुंचने पर ढोल.नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

# नव दुर्गा स्कूल का परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। बच्चों को मिठाई खिलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नव दुर्गा स्कूल का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। नव दुर्गा स्कूल की प्रिंसिपल सोनू शर्मा (वृंदा) ने बताया कि इस स्कूल के 78 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित परिणाम में नव दुर्गा स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 99.9 प्रतिशत रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित परिणाम में नैन्सी पुत्री राजेश ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान, निधि पुत्री अजीत ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान, तथा मेघना पुत्री नरेश ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन शिव नारायण शर्मा तथा प्रधानाचार्या सोनू शर्मा (वृंदा) ने सभी अध्यापकों, अभिभावकों व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। शिव नारायण शर्मा ने शानदार परीक्षा परिणाम आने का श्रेय स्टाफ की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन व अभिभावकों के सहयोग को दिया तथा विद्यार्थियों को लड्डू खिला कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



**नरवाना**। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**नरवाना**। देश की देशभक्त बेटियों को नमन करने के उद्देश्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग युवाओं ने रक्तदान किया। अम्बेडकर सभा के प्रधान वीरेंद्र चोपड़ा ने बताया कि गुरु अर्जुन देव के शहादत दिवस व देश की देशभक्त बेटियों कर्नल सोफिया कुरेशी और विंग कमांडर वयोमिका सिंह को आप्रेशन सिंदूर भाग लेने के लिए नमन करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें काफी युवाओं ने रक्तदान किया उनका डा भीमराव अम्बेडकर सभा दिल से धन्यवाद करती है। एक रक्तदाता राहुल शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बीच.बीच में करते रहना चाहिए जिससे लोगों के जीवन की रक्षा की जा सके। मुख्य अतिथि के रुप में शामिल डॉ प्रीतम कोलेखा न अम्बेडकर सभा को ऐसे सामाजिक कार्य के लिए सहराना की।

## जिला को टीबी मुक्त करने की कवायद

# स्वास्थ्य विभाग ने प्रारंभ किया सीवाई टीबी टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। नागरिक अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग केंद्र। *फोटो :हरिभूमि*

जिला को टीबी मुक्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। पिछले दिन स्वास्थ्य पखवाड़े के तहत गांव-गांव व शहर-शहर जाकर टीबी जांच शिविर आयोजित किए गए थे। अब तक जिले में टीबी के 1991 मरीज उपचाराधीन हैं। इनमें से एक हजार के लगभग मरीज सामाजिक संस्थाओं व सरकारी विभागों ने गोद लिया हुआ है। अब टीबी की समय से पहले पहचान करने के लिए जिले में सीवाई टीबी की जांच शुरू की है। जिले में टीबी का भविष्य में कोई मरीज नहीं मिले और शुरूआत लक्षणों में जिन मरीजों की रिपोर्ट सही नहीं मिलती थी। उनके लिए अब स्वास्थ्य विभाग ने जिला नागरिक अस्पताल व खंड के नागरिक अस्पतालों में सीवाई टीबी की जांच शुरू की है। इसमें हाई रिस्क वाले लोगों में कोई टीबी संक्रमित तो नही, इसका पता लगेगा। 48 से 72 घंटे बाद पांच एमएम से ज्यादा का इंडयूरेशन टीबी संक्रमण माना जाएगा। टीबी संक्रमण की आधुनिकतम जांच विधि सीवाई.टीबी को फोरआर्म में 0.1 एमएल इंट्राडर्मल लगाया जाएगा। संक्रमण पाए जाने पर संबंधित के अन्य टेस्ट कराकर टीबी का इलाज कर मरीज को ठीक किया जाएगा। सीवाई.टीबी टेस्ट एक प्रकार का त्वचा परीक्षण है लेकिन यह अधिक उन्नत तकनीक का है। मोंटेक्स टेस्ट में, एक छोटी सी मात्रा में ट्यूबरकुलिन नामक एक पदार्थ को त्वचा के नीचे इंजेक्ट किया जाता है। यह पदार्थ टीबी के बैक्टीरिया से प्राप्त किया जाता है। टेस्ट के परिणाम 48 से 72 घंटे के बीच में देखे जाते हैं। यदि टीबी के बैक्टीरिया के प्रति शरीर में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है तो त्वचा पर एक छोटा सा उभार या लाली दिखाई देती है।

#### शुरूआत में पता चल जाएगा

क्षय रोग के नोडल अधिकारी डा. जेके मान ने बताया कि अब टीबी का शुरूआत दौर में ही पता लगाया जाएगा। इसके बाद उपचार शुरू कर इन मरीजों को ठीक भी जल्दी से किया जा सकता है। जिले में खंड स्तर के अस्पतालों में भी यह सुविधा शुरू करवाई गई है। इससे जेल में शनिवार को 27 मरीजों की जांच करवाई गई।



**नरवाना**। निधि को सममनित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### निधी ने तृतीय स्थान हासिल किया

**नरवाना**। एस डी कन्या महाविद्यालय की छात्रा निधि ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल और सच्चा खेड़ा नरवाना का नाम रोशन किया। निधि नरवाना शहर के ग्रामीण आंचल से सम्बंध रखतींएइसकी एक बड़ी बहन जो 12 वी कक्षा पास कर चुकी हैं एक छोटा भाई है जो सातवीं कक्षा में पढ़ता है। निधि के पिता नहीं हैं मां के आशीर्वाद एवं छत्रछाया में ये मुकाम हासिल किया है। निधि ने बताया कि उसको मोबाइल देखने का शौक नहीं है। आगे उसको बारहवीं कक्षा के बाद अधिवक्ता बनने की इच्छा है। निधि को दसवीं की परीक्षा में तृतीय स्थान हासिल करने पर प्रबंधक समिति प्रधान सुरेश सिघलए उपप्रधान राजकुमारए महासचिव जिया लाल गोयलए कोषाध्यक्ष धर्मवीरए प्राचार्य नीना गुप्ता एवं समस्त स्टाफ ने आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की? की? कामना की।

## खबर संक्षेप



### तेजवीर गुर्जर बने इनेलो के जिला प्रधान महासचिव

**पूंडरी।** इनेलो नेता तेजवीर गुर्जर को इंडियन नेशनल लोकदल ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें जिला इंजीनियरिंग प्रकोष्ठ का प्रमुख महासचिव नियुक्त किया है। वहीं धर्मा गुर्जर डुलयानी को जिला उप-प्रधान बनाया गया है। यह दोनो नियुक्तियां इनैलो सप्रीमो अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, जिला प्रधान अनित तंवर और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की सहमति से की गई, जो तेजवीर व धर्मा गुर्जर के संगठन के प्रति समर्पण और लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए दी गई है।

### आयुष्मान व चिरायु के पात्रों का फ्री उपचार

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि आयुष्मान भारत और चिरायु आयुष्मान हरियाणा योजना पात्र परिवारों के लिए निःशुल्क उपचार में मददगार साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के मद्देनजर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ किया गया था। आयुष्मान भारत योजना में पांच लाख तक का सालाना लाभ लाभार्थी परिवार को दिया जाता है। यह चिकित्सा लाभ बिल्कुल कैशलेस और पेपरलेस है, जिसमें लाभार्थी अपना आयुष्मान कार्ड दिखाकर पैनल वाले अस्पताल में अपना इलाज करवा सकता है।

### वैध नशा मुक्ति केंद्र में ही प्राप्त करें इलाज

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में 11 वैध नशा मुक्ति संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दो सरकारी व नौ प्राइवेट केंद्र शामिल हैं। इनके अलावा अगर कोई अन्य नशा मुक्ति संचालित किया जा रहा है, तो वह अवैध माना जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे केंद्रों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं प्रभावी ईलाज मिल सके।। आमजन भी अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की सूचना डा. नवराज सिंह (9992473022) तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी (7027539020) को दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा नशीली दवाइओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करने के लिए स्कूल, कालेज तथा ग्राम पंचायतों में अभियान चलाए जा रहे हैं।

### महक को फिजिकल में मिले शत प्रतिशत नंबर

**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय सोहाता का इस वर्ष का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 10 वी में स्तुति प्रयाग ने 407 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया तो वहीं, लगन ने 400 अंक लेकर दूसरा स्थान पाया और श्रुति ने 399 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। महक ने हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

## कीर्ति रानी ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर किया प्रथम स्थान प्राप्त

# एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

### साक्षी ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया



पूंडरी। एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रथम रही छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी के छात्रों ने एक बार फिर से अपनी मेहनत और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और गुरुओं को भी गर्व महसूस कराया। विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा।

इस वर्ष की मेरिट सूची में कीर्ति रानी सुपुत्री जय भगवान ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साक्षी सुपुत्री सुखबीर सिंह ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

तीसरे स्थान पर दीपांशी सुपुत्री कृष्ण कुमार ने 89.2 प्रतिशत व योगिता शर्मा सुपुत्री सत्यवान ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मैरिट सूची में स्थान बनाया। इसके अलावा 41 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 21 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्रधान सुदेश कुमार बंसल, चेयरमैन विवेक बंसल, प्रधानाचार्या गीता कैशवर तथा प्रबंधक समिति के सभी सदस्यों ने इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सोनिया और दीपिका ने मारी बाजी

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड पर स्थित ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10वीं कक्षा का परिणाम सत प्रतिशत रहा। इस वर्ष सोनिया सुपुत्री बलजीत सिंह ने 500 में से 478 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपिका सुपुत्री करनैल सिंह ने 468 अंक द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा निशा सुपुत्री विनोद ने 467 अंक लेकर तीसरा स्थान जन्नत सुपुत्री सुरजीत सिंह ने 466 अंक लेकर चोथा तथा खुशी सुपुत्री सोमपाल 463 पांचवा स्थान प्राप्त किया 35 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की और 40 विद्यार्थियों ने फस्ट डिवीजन प्राप्त कर स्कूल का गांव व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित व स्कूल के प्रधानाचार्य सतपाल सिंह जी ने बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी और कहा इसी प्रकार भविष्य में भी और अच्छी लगन के साथ मेहनत करते रहे, आगे बढ़ते रहें और माता-पिता का नाम रोशन करते रहें।



अंशिका | प्रिया | करीना

### राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत

**कैथल।** दसवीं कक्षा के कल घोषित परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढाण्ड का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। विद्यालय में 36 छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिसमें सभी छात्राओं ने शानदार अंक प्राप्त करते हुए सफलता प्राप्त की। छात्राओं के सफल प्रदर्शन पर स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं तथा अभिभावकों को बधाई दी तथा छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । हिन्दी अध्यापक रोशन लाल पंवार ने बताया कि विद्यालय का पिछले दो साल से लगातार परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा है और अब तीसरे साल भी परिणाम सौ प्रतिशत लाकर छात्राओं ने विद्यालय तथा गाँव का नाम रोशन किया है। छात्राओं की मेहनत व लगन के साथ साथ अध्यापकों व अभिभावकों का भी इस सफलता में विशेष योगदान रहा है । दसवीं की परीक्षा में छात्रा अंशिका पुत्री गुरमीत पंवार ने 83.40% अंक लेकर प्रथम, प्रिया पुत्री मुकेश ने 82.20 %अंक लेकर द्वितीय तथा करीना देवी पुत्री अशोक कुमार ने 82 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । पंवार ने बताया कि विद्यालय की 36 छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिनमें से 10 छात्राओं ने मैरिट, 19 ने प्रथम श्रेणी तथा 7 ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल के मुख्याध्यापक राजीव धवन, विकास धीमान, हकुमत लाम्बा, सुखबीर शर्मा, राजेन्द्र, अनिल, जगदीश पीटीआई, गुलाब सिंह, सुदेश, ज्योति, अनिता, रीना सैनी, सुनीता शर्मा, वीना धीमान, मीना रानी सहित सभी स्टाफ सदस्यों तथा सरपंच प्रतिनिधि बाली नम्बरदार, राजवीर नम्बरदार, ब्लांक समिति सदस्य संजय गर्ग, बलिया राम पठानियां, वेद जांगड़ा, सतबीर सांगवान, रणबीर पुत्र शहीद केहर सिंह, रमेश कुमार गुर्जर राइस मिल इत्यादि गाँववासियों ने भी छात्राओं को सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दीं ।



कैथल। वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

## वृद्धा अवस्था श्रद्धा, सम्मान से लदा एक वृक्ष : रोहित शर्मा

■ वरिष्ठ नागरिक संगठन कैथल की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन कैथल के प्रांगण में प्रधान रामनारायण रावल की अध्यक्षता में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

वरिष्ठ नागरिक संगठन कैथल की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन कैथल के प्रांगण में प्रधान रामनारायण रावल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा का आगाज तीन बार गायत्री मंत्र के उच्चारण तथा प्रभु प्रार्थना से किया गया। मंच का संचालन महासचिव रोहित शर्मा ने किया। सबसे पहले कैप्टन रवि दत्त शर्मा ने पहलगाम में शहीद हुए परिवारों को श्रद्धांजलि दी आतंकवादी द्वारा मारे जाने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी तथा फौज के शौर्य के बारे बताया जिसको सदस्यों दे ध्यानपूर्वक सुना। फकीर चंद गर्ग, टेक चंद वर्मा ने भक्ति संगीत सुना कर सदस्यों को मंत्र मुग्ध किया सीताराम दयोरा व भोलाराम हर बारी द्वारा चुटकुले व पुराने संगीत सुना कर मनोरंजन किया विनोद गर्ग देश भक्ति का गीत सुनाया।

ज्ञानचंद भला, रोहित शर्मा ने मन को एकाग्र करते हुए कहा की वृद्धा अवस्था श्रद्धा, सम्मान से लदा हुआ एक वृक्ष है। जिसकी छाया में बैठकर नई पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। जिन सदस्यों का मई मास में जन्मदिन आता है उन में ईश्वर चंद्र, वीरू राम गर्ग, विजयपाल गुर्जर, भगवान दास शर्मा को फूल माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर उनकी दीघार्यु की कामना की गई। ब्रह्माकुमारी संस्थान से एडवोकेट

राजेश शर्मा ने मेडिटेशन के बारे तथा ध्यान बारे विस्तार से बताया तथा भजन सुनाया। डॉ रमेश पपरेजा ने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को कम से कम 6 माह में अपने बॉडी का चेकअप करवाना चाहिए तथा रक्त की जांच करवानी चाहिए। तुर्की देश के बने हुए समान जैसे सेब ,किटकैट बिस्कुट कैंपा कोला कपड़े आदि का बहिष्कार करना चाहिए तथा इस बारे में पूरा प्रचार करें। इस अवसर पर के एल रंगा, कृष्ण लाल चौहान, बीरू राम गर्ग, के एल क्वात्रा, फकीर चंद गर्ग, डॉक्टर जी एल चावला, भले राम कठवाड़ आदि उपस्थत थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व तिरंगे की शान में गुहला-चीका में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका



गुहला-चीका। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर युवाओं के साथ यात्रा निकालते।

शहीदों के सम्मान, तिरंगे के मान और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में गुहला-चीका में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भारतीय सेना की बहादुरी को नमन करते हुए और देश की रक्षा में समर्पित जवानों के प्रति आभार प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बीजेपी के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने किया। यात्रा की शुरूआत भवानी मंदिर से हुई और यह शहीद उधम सिंह चौक पर जाकर सम्पन्न हुई। इस ऐतिहासिक मौके पर ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हरविंदर सिंह भी शामिल हुए और उन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि /"भारतीय सेनाओं की जांबाजी और बलिदान के कारण ही आज हम अपने घरों में सुरक्षित हैं।

तिरंगा यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों का भारी उत्साह देखने को मिला। पूरा शहर तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। लोगों ने हाथों में झंडे लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम्‍ के जयघोष लगाए। हर तरफ देशभक्ति का वातावरण और गर्व की भावना दिखाई दी।

### 25 को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

## बीपीएचओ संगठन की हलका पूंडरी की बैठक फतेहपुर में आयोजित, कैलेंडर किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी



पूंडरी। बैठक को सम्बोधित करते प्रदेश महासचिव विनोद डीग।

सामाजिक संगठन भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) की हल्का पुंडरी की बैठक आज फतेहपुर स्थित प्रजापति धर्मशाला में आयोजित की गई। इस अवसर पर संगठन की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में बीपीएचओ के हरियाणा प्रदेश के कैलेंडर का वितरण भी किया गया और संगठन के 12वें स्थापना दिवस को भव्य स्तर पर मनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश महासचिव विनोद डीग ने बताया कि 25 मई को गोहाना में प्रदेश स्तर पर स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से संगठन के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष कुराड़ ने की और संचालन जिला महासचिव शिवकुमार सिरसल ने किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला संरक्षक मास्टर शमशेर कालिया, कैथल शहरी अध्यक्ष होशियार सिंह किच्छाना, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल प्रजापति और राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक कृष्ण टीक ने भाग लिया। बैठक के सफल आयोजन में हल्का अध्यक्ष राजू चित्रकार पाई, जिला उपाध्यक्ष बलवान टयोंठा, जिला महासचिव शिवकुमार सिरसल, सचिव संजीव बरसाना की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता रामरूप बाले और मास्टर अर्जुन प्रजापति समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में शामिल प्रमुख सदस्यों में ओमप्रकाश हजवाना, जोनी शेरसिया बंदराणा, सुखदेव तारागढ़, कुलदीप धुरान क्योड़क, शीशपाल गोहरा खेड़ी, विक्की दिनोदिया पाई, पवन प्रजापति, सुंदर करोड़ा, जसमेर पंच हजवाना मौजूद रहे।

### नियमबद्ध जीवन ही सफलता की कुंजी : भारती

**कैथल।** दिव्या ज्योति जागृती संस्थान द्वारा आरकेएसडी कॉलेज के सामने प्रोफेसर कॉलोनी आश्रम में साप्ताहिक कार्यक्रम किया गया। समें परम पूजनीय सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी कुलदेवी भारती ने विचार देते हुए कहा आज की इस आधुनिक जीवन शैली में अक्सर देखा जाता है कि लोग नियमों में बंधना पसंद नहीं करते हैं। फिर चाहे वे नियम उनके व्यावसायिक,सामाजिक या व्यक्तिगत जीवन से संबंधित क्यों ना हो। उनके हिसाब से नियम स्वयं के फ्रीडम- जोन में दखल पैदा करते हैं। परंतु वास्तविकता में एक नियमबद्ध जीवन ही सफलता की कुंजी होता है। प्रसिद्ध लेखक व युवा लीडरशिप कोच - इसाएलमोरे आईवोर अपनी पुस्तक शॉपिंग द ड्रीम्स में लिखते हैं -किसी भी खेल को खेलने के लिए उससे संबंधित नियम होते हैं: उसी प्रकार जीवन भी एक खेल है, जिसके कुछ विशेष नियम हैं। उन नियमों को निभाने पर ही जीवन रूपी खेल में विजय श्री का वरण किया जा सकता है। एक सुदृढ़ हा समाज का निर्माण भी नियमों के पालन से ही पूरा होता है। अगर समाज में कोई नियम ही ना हो,प्रत्येक व्यक्ति को मनचाहा कर्म करने की स्वतंत्रता हो- तो उस समाज में केवल अव्यवस्था, अन्याय, अत्याचार,अनुचित वअर्थहीन व्यवहार की ही झलक दिखेगी। जब कोई नियम के विरुद्ध जाता है,तब वह स्वार्थी होकर स्वयं को ही नहीं बल्कि समूचे समाज को नुकसान पहुंचता है। इसलिए कह सकते हैं के नियम ही सुव्यवस्थित समाज की नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम बात करें गुरु शिष्य के सर्वोत्तम संबंध की, तो यहां भी नियमों का विशिष्ट स्थान है। गुरुदेव की आज्ञा में शिष्य के लिए नियम समान होती है।



## रेल यात्री कल्याण समिति ने हिसार चंडीगढ़ रेल सेवा आरंभ होने पर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

रेल यात्री कल्याण समिति संस्था के संस्थापक पवन यर्मा ने बताया कि समिति काफी लम्बी समय से यह गाडी चलवाने के लिए काफी लम्बे समय से संघर्ष कर रही थी इस रेल सेवा से कैथल के लोगों को हिसार चंडीगढ जाने के लिए काफी लाभ होगा। रेल समिति के प्रधान बलंवत सिंह जाटान ने सांसद नवीन जिंदल का आभार प्रकट किया। यह गाडी नं 64563 प्रातः 5 बजे केथल से कुरूक्षेत्र अम्बाला चंडीगड रूपनगर रोपड, आनंनदपुर साहब, नंगल डैम, ऊना होते हुए अम्ब इंदोर पहुंचेगी तथा गाडी नं 64564 कैथल से रात 9 बजे चलकर नरवाना होते हुए रायपुर हिसार जक्शन पहुँचेगी। सतपाल गुप्ता चेयरमैन ने बताया कि इस गाडी को चलाने में अुर्जन नरवाना का काफी सहयोग रहा है उन्होने यह भी बताया कि यह गाडी पहली बार दिनांक 17 मई को रात 9 बजे कैथल से नरवाना के लिए चली व इस गाडी का ठोल नगाडो से स्वागत किया गया व रविवार को प्रातः 10 बजे पेहवा चौक पर लड्डु बांटे गए। महासचिव अमित गुप्ता व डा0 बीरबल दलाल, जोगिन्द्र ढुल, अषोक अरोडा व डा0 अष्वनी हतवाल ने बताया कि अब कैथल से कुरूक्षेत्र के लिए तथा कैथल से नरवाना के लिए कुल 12 समय हो गए है परंतु अभी भी दिन के समय कुयक्षेत्र और नरवाना के लिए कोई रेल सेवा नही है जिसके लिए रेल समिति, रेल मंत्रालय एवं सांसद नवीन जिंदल से एक बार फिर निवेदन करती है।



कैथल। रेल यात्री कल्याण समिति मिठाइयां खिलाते।



### लंबित मांगों के विरोध में मिड-डे मिल वर्कर्स का प्रदर्शन

**जींद।** नेहरू पार्क में रविवार को मिड डे मिल वर्कर्स की बैठक राज्य प्रधान इंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्कर्स की मांगों को मनवाने को लेकर विचार विमर्श कर रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं लेकिन उनकी मांगों की तरफ सरकार कोई संज्ञान नही ले रही है। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर सीएम ओएसडी को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। उन्होंने मांग की कि मिड डे मिल वर्कर्स का वेतन महंगाई को देखते हुए सात हजार से बढ़ा कर 15 हजार प्रति माह किया जाए। वर्कर्स को दस की बजाए 12 माह का वेतन दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की कटौती न की जाए। वर्कर्स को प्रतिमाह समय पर वेतन दिया जाए। वर्दी भत्ता 600 से बढ़ा कर 2500 रुपये किया जाए। साठ साल की आयु पूरी होने पर तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता देकर वर्कर्स को सेवानिवृत किया जाए। डयूटी के दौरान मृत्यु होने पर परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। इस मौके पर सुनीता, बिमला, माला, शशि, कमलेश, राज, नन्ही, मूर्ति, गीता, बाला, किरण, सुनीता, रानी, लक्ष्मी सहित अनेक वर्कर्स मौजूद रही।

## सुपर हंड्रेड लेवल 2 की परीक्षा में कैथल के विद्यार्थी अव्वलः बलबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद



बलबीर कश्यप

बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया की शिक्षा विभाग हरियाणा और विकल्प फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में चल रही अद्भुत अनोखी और प्रभावी सुपर हंड्रेड लेवल 2 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कैथल जिले में शॉर्ट लिस्ट किए गए विद्यार्थियों की कुल संख्या 29 है इसमे कैथल से 9 के प्रथम स्थान पर, पुंडरी से 7 दूसरे स्थान पर, राजौंद और कलायत 6 तीसरे स्थान पर और सीवन 1 चौथे पायदान पर रहा।

उन्होंने बताया कि खंड राजौंद विद्यार्थियों में मयंक , निशु , विनय , विनीत कुमार , मिलन , मोहित शॉर्ट लिट हुए है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन प्रोसेस 25 मई निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया सुपर 100 कैंपस बारना जिला कुरुक्षेत्र में की जाएगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे ही इस योजना का हिस्सा हो सकते है। जो मिशन बुनियाद के अंतर्गत अपनी कक्षा नौवीं और दसवीं करके आते है। अब मिशन बुनियाद और सुपर 100 ग्रामीण आंचल के बच्चों की पहुंच में है। जिसका फायदा सैकड़ों बच्चे हर साल उठा रहे है। उन्होंने बताया कि 25 मई शत प्रतिशत नामांकन के लिए सुपर 100 कैंपस में पहुंचे।

### कैलाश भगत ने कहा कि ये भाईचारे का चुनाव था

## प्रतिद्वंद्वी सुभाष चुघ एडवोकेट को 214 वोट के बड़े अंतर से किया पराजित

# 214 वोट के मार्जन से श्री गीता भवन मंदिर सभा के चुनाव में कैलाश भगत आठवीं बार प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। श्री गीता भवन मंदिर सभा के प्रधान बने कैलाश भगत सदस्यों के साथ।

श्री गीता भवन मंदिर सभा के चुनाव में कैलाश भगत 8वीं बार प्रधान चुने गए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सुभाष चुघ एडवोकेट को 214 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया। चुनाव अधिकारी नरेन्द्र निझावन, अशोक कुमार आर्य, योगराज बत्रा व राम किशन डिगानी ने बताया कि इस चुनाव में कुल 408 वोट थे, जिसमें से 339 वोट मतदाताओं ने डाले। चुनाव में 5 वोट कमी मिलने पर रद्द किए गए। 334 वोटों में से 274 वोट कैलाश भगत को मिले, जबकि सुभाष चुघ को 60 वोट मिले।

इस चुनाव में 214 वोटों से कैलाश भगत विजयी रहे। चुनाव मतगणना सम्पन्न होते ही सुभाष चुघ ने स्वयं कैलाश भगत का विजेता के तौर पर नाम घोषित किया। चुनाव में जीत मिलने पर कैलाश भगत ने कहा कि यह जीत समाज की जीत है जिन्होंने उन पर भरोसा जताया है। कैलाश भगत ने कहा कि यह चुनाव भाईचारे का चुनाव था। कैलाश भगत ने कहा कि आज 59 सालों के बाद गीता भवन मंदिर सभा का पहली बार चुनाव हुआ है।अभी तक हमेशा सर्वसम्मति से प्रधान चुना जाता था, लेकिन आज जो चुनाव हुआ है उसे भी पूरे समाज ने अच्छे तरीके से सम्पन्न करवाया है। उन्होंने गीता भवन मंदिर में जो काम किया, उसके अनुसार ही उन्हें समाज ने बम्पर वोट देकर विजयी बनाया। उनकी भविष्य में भी यही कोशिश रहेगी गीता भवन मंदिर का विकास सभी बिरादरी के साथ मिलकर करें। गीता भवन मंदिर में पुर्णतः काम हुआ, उसी अनुसार लोगों ने वोट देकर यह साबित किया है कि मंदिर में चल रहे विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने वोट किया। भविष्य में चुनाव न हो, सर्वसम्मति हो इसके लिए वह ऐसा कार्य करेंगे। कैलाश भगत ने कहा कि इस चुनाव में जिन साथियों की नाराजगी रही, उन्हें भी दूर करने का प्रयास करेंगे।

### इनका रहा सहयोग

इस अवसर पर राजेन्द्र खुराना, रामकिशन डिगानी, नरेन्द्र मिगलानी, इन्द्रजीत सरदाना, सुधीर मैहता, सुभाष नारंग, अमरजीत छाबड़ा, कृष्ण नारंग, राजकुमार मुखीजा, राजन मिगलानी, हर्ष नारंग, रजत थरेजा, महेन्द्र थरेजा, सुषम कपूर, सतीश राजपाल, प्रकाश नारंग, अशोक भारती, प्रदीप शर्मा, भुवन मलिक, सतीश चावला, तुलसीदास सचदेवा, प्रदर्शन परुथी, सुभाष कथूरिया, विनोद खंडूजा, अनिल आहुजा, गोबिंद दुआ, हरबंस मिगलानी, मदन सुनेजा, ओमप्रकाश दुआ, राजकुमार दुआ, राजकुमार निझावन, रमेश सचदेवा, रवि नागपाल, सतीश सोनी, सतपाल चुघ आदि ने भी चुनाव को अच्छे प्रकार सम्पन्न करवाने में सहयोग दिया।

# जींद-बठिंडा ट्रैक पर एलबीएच कोच के साथ दौड़ेगी धौलाधार एक्सप्रेस

◆ 21 जुलाई से एक्सप्रेस में नजर आएंगे नए कोच, यात्रियों को मिलेंगी नई तकनीक की अतिरिक्त सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे द्वारा जींद से बठिंडा रेलवे ट्रैक पर लंबी दूरी तय करने वाली 14035-36 धौलाधार एक्सप्रेस में एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। अब यात्री एलएचबी कोच में बैठ कर आरामदायक सफर कर सकेंगे। इस ट्रेन का एलएचबी कोच के साथ संचालन 21 जुलाई से शुरू हो जाएगा। धौलाधार एक्सप्रेस सप्ताह में रविवार, बुधवार और शुक्रवार को आवागमन करती है। हालांकि 12481-82 श्रीगंगानगर इंटरसिटी में यह सुविधा पहले ही मिलनी शुरू हो गई है। दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर सभी सुपरफास्ट ट्रेनों में एलएचबी कोच लग चुके हैं। जिससे यात्रियों को सफर के दौरान पहले से बेहतर सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। इस ट्रेन में 20 एलएचबी लगाए जाएंगे। एलएचबी कोच की यह विशेषता है कि किसी कारणवश दुर्घटना होने पर ट्रेनों के डिब्बे एक-दूसरे पर नहीं चढ़ेंगे। इससे ट्रेन की रफ्तार में भी इजाफा हुआ है और बाहर से आवाज भी पहले के मुकाबले कम आ रही है।

## जींद से चलने वाली अवध-असम, जम्मूतवी, सरबत दा भला, साबरमती, पंजाब मेल व श्रीगंगानगर मेल में यह सुविधा

### 150 किमी तक दौड़ सकते हैं एलएचबी

एलएचबी कोच की खासियत यह भी है कि इसमें सेंट्रल कप्लिंग होती है। इस वजह से दो बोगियों को आपस में जोड़ा जाता है। वहीं आईसीएफ में खुद की बिजली बनाने की क्षमता है। बिजली को बैटरी में स्टोर कर लिया जाता है। इसी वजह से इस कोच की ट्रेन को 150 तक की स्पीड तक दौड़ा सकते हैं। एलएचबी कोच में बिजली के लिए इस कोच के पीछे जनरेटर कार लगा दिया जाता है। आधे में जेनरेटर लगा होता है और आधे कोच में माल लोड किया जाता है। फिलहाल जींद जंक्शन से गुजरने वाली अवध-असम, पतालकोट एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, सरबत दा भला, नांदेड़ एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, पंजाब मेल, श्रीगंगानगर सुपरफास्ट में एलएचबी रैक लगे हुए हैं।




### लगाए जाएंगे एलएचबी कोच

दिल्ली डीआरएम पीआरओ माइकल ने बताया कि जींद से गुजरने वाली 14035-36 धौलाधार एक्सप्रेस में एलएचबी रैक कोच लगाए जाएंगे। इससे पहले 12481-82 श्रीगंगानगर इंटरसिटी में यह सुविधा शुरू करवा दी थी। 21 जुलाई से यह सुविधा शुरू हो जाएगी।

### आईसीएफ रैक और एलएचबी में क्या है अंतर

एलएचबी रैक जर्मन तकनीक है जो अधिकतर तेज रफ्तार वाली ट्रेनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएचबी रैक पुराने आइसीएफ रैक से काफी आरामदायक होते हैं। एलएचबी रैक में डबल सस्पेंशन होता है जबकि आईसीएफ में ऐसा नहीं होता है। एलएचबी में एक्स्ट्रा सस्पेंशन भी दिया गया है।

एलएचबी को आईसीएफ रैक के मुकाबले दोगुने समय तक मरम्मत करने की आवश्यकता नहीं होती। इसके अलावा आईसीएफ रैक में एयर ब्रेक का प्रयोग होता है। इससे ब्रेक लगाने पर ट्रेन काफी दूर जाकर रुकती है। जबकि एलएचबी में डिस्क ब्रेक का प्रयोग होता है। आईसीएफ के सस्पेंशन से 70 डेसीबल की आवाज आती है। इसलिए ट्रेन चलने के दौरान कई सारी आवाज सुनने को मिलती हैं। जबकि एलएचबी में 60 डेसीबल तक की आवाज होती है जो आरामदायक भी है और आवाज भी कम करता है।

## खबर संक्षेप


कलायत के गांव कमालपुर में अमन-चैन के लिए तैनात पुलिस बल

### शमशान भूमि में मिट्टी भराव को लेकर तनाव

**कलायत।** कलायत के गांव कमालपुर में दो दिन से शमशान भूमि में मिट्टी भराव लेकर स्थिति तनावपूर्ण बनी है। दो पक्षों के बीच वर्षों से चल रहे विवाद को शांत करने के लिए शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर प्रशासन प्रयासरत है। इसके तहत रविवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमिता ठाकुर, डीएसपी ललीत कुमार, नायब तहसीलदार और हलका पटवारी सहित भारी पुलिस बल गांव में तैनात रहा। श्मशान और तालाब की जमीन को लेकर चल रहे इस विवाद का हल करने के लिए मटौर, छातर और आसपास के अन्य गांव के प्रतिनिधि गांव कमालपुर में पहुंचे। दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की अपील करते रहे।




### ट्रैक्टर ने मारी टक्कर बाइक सवार 3 घायल

**जींद।** गांव उझाना के निकट तेजरफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव उझाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिता सुभाष मजदूरी करने कलायत गया हुआ था। वापसी के दौरान उसका पिता सुभाष गांव के ही पवन तथा सोमी के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। जब वे गांव के निकट माइनर पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने अचानक कट मार दिया। जिससे बाइक ट्राली से जा टकराई। सोमी तथा पवन दूसरी साइड जा गिरे। जबकि उसका पिता ट्राली के नीचे आकर गभीर से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रैक्टर ट्राली समेत मौके से फरार हो गया। गढ़ी थाना पुलिस ने सदीप की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान स्थिर रहा

# तापमान 42 डिग्री पहुंचा, गर्मी से बेहाल, बाजार व सड़कें सुनसान

दोपहर को शहर में कर्फ्यू जैसे रहे हालात, वीरान नजर आई सड़कें और शहर के बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीषण गर्मी ने आमजन का जीना बेहाल कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा रही जबकि मौसम में आद्रता 26 प्रतिशत बनी रही। दोपहर को शहर में हालात कर्फ्यू जैसे दिखाई दिए। सड़कें खाली रही तो बाजार में भी विरानगी छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिनों तक मौसम में बदलाव रहेगा।



### गर्म हवाएं बढ़ा रही परेशानी

तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है और 42 डिग्री पहुंच गया है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ है। वहीं दिन के समय बह रही गरम हवाओं ने आमजन का जीना मुहाल कर रखा है। दोपहर के समय सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है। जो वाहन चलाते हुए सीधी धूप और तेज हवा के संपर्क में आते हैं। दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता आग उगलना शुरु कर देते हैं। जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

### >> बच्चे और बुजुर्ग की सेहत पर गर्मी भारी

उमस भरी गर्मी और तपिश से आमजन पूरी तरह से परेशान है। दोपहर तक गर्मी लोगों की हालत खस्ता कर देती है। जिसके चलते सड़कों पर वाहन कम हो जाते हैं और बाजार भी सुनसान नजर आते हैं। गर्म हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस होती है और पसीने सूखने का नाम नही लेते। गर्म हवाओं की चपेट में आने से छोटे बच्चे तथा वृद्ध बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने कहा कि 22 मई तक मौसम परिवर्तनशील, खुष्क व गरम रहेगा। इस दौरान तापमान में वृद्धि होगी।

### >> उमस भरी गर्मी और तपिश से परेशानी

उमस भरी गर्मी और तपिश से आमजन पूरी तरह से परेशान है। दोपहर तक गर्मी लोगों की हालत खस्ता कर देती है। जिसके चलते सड़कों पर वाहन कम हो जाते हैं और बाजार भी सुनसान नजर आते हैं। गर्म हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस होती है और पसीने सूखने का नाम नही लेते। गर्म हवाओं की चपेट में आने से छोटे बच्चे तथा वृद्ध बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने कहा कि 22 मई तक मौसम परिवर्तनशील, खुष्क व गरम रहेगा। इस दौरान तापमान में वृद्धि होगी। किसानों को चाहिए कि वो दिन के समय फसलों में पानी बिल्कुल न दें।


जींद। गतौली गांव में तिरंगा यात्रा निकालते लोग। फोटो: हरिभूमि

# गतौली में निकाली तिरंगा यात्रा, सैनिकों को सलाम

■ सैनिकों की बदौलत ले रहे हैं आजादी की खुली हवा में सांस:

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव में ग्रामीणों और आस पास के गणमान्य लोगों ने शहीदों और सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा संजय जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए डा संजय जांगड़ा ने कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक किए सैनिकों के त्याग को कभी नही भुलाया जा सकता। शहीदों और सैनिकों के बलिदान की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हर देशवासी को शहीदों और सैनिकों का पूरा मान सम्मान करना चाहिए। देश के सैनिकों और देश के प्रधानमंत्री ने पुलगाम हमले में शहीद हुए देश के नागरिकों का बदला ऑपरेशन सिंदुर के जरिए लिया है। हमारी सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन की पूरी दुनिया कायल है

और पाकिस्तान को भी सेना के पराक्रम को देखकर घुटनों पर आने पर मजबूर होना पड़ा। इस मौके पर भाजपा नेता संग्राम सिंह राणा, यशवंत करसोला, मंडल अध्यक्ष रवि, नवीन दलाल, जयबीर कौशिक, दीपक आदि मौजूद रहे।

# निपुण से निपुणता की और बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई शिक्षा नीति 2020 भविष्य की सभी शिक्षाओं के लिए आधारभूत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करती है। भारत सरकार ने सभी बच्चों के लिए आधारभूत साक्षरता और सं यात्मकता प्राप्त करने के उद्देश्य से पांच जुलाई 2021 को निपुण भारत मिशन शुरू किया। हरियाणा राज्य आधारभूत साक्षरता (हिंदी और अंग्रेजी) और सं यात्मकता के लिए निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हरियाणा सरकार ने 30 जुलाई 2021 को निपुण हरियाणा मिशन शुरू किया। मिशन के तहत, हरियाणा यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक पहल कर रहा है कि सभी छात्र ग्रेड पांच तक एफएलएन सक्षम बन जाएं। हरियाणा का प्रत्येक बच्चा आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के तहत आवश्यक ग्रेड-स्तर की दक्षता प्राप्त करें और निपुण भारत मिशन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाए हुए है। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण मिशन के तहत बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है, बच्चे खेल-खेल में शिक्षा ले रहे हैं, बच्चों मे बिना किसी डर के रोचक गतिविधियों से शिक्षा प्रदान की जा रही हैं। समय-समय पर बच्चों की प्रतियोगिताएं उन्हें आगे बढने को प्रेरित करती हैं।


जींद। निपुण गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# 10वीं और 12वीं में छाई दो बहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम मे गांव बीर बांगडा की दो सगी बहनो ने रावमावि बीरबांगडा मे 12वी व 10 वी की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मुस्कान ने 12 वी परीक्षा में 470/500 अंक तथा देवी ने 10 वी की परीक्षा मे 445/500 अंक प्राप्त करके सरकार द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम को सार्थक किया। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कक्षा 12 मे विद्यालय की दो छात्राओं सजल व आंचल ने 447अंक लेकर द्वितीय तथा खुशी ने 441 अंक लेकर विद्यालय मे तीसरा स्थान प्राप्त किया । कक्षा 10 मे हरमन कौर ने 441अंक व खुशबु ने 432 अंक प्राप्त करके दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया । 12वीं का 100 व कक्षा 10 का 96.15% रहा। कक्षा 12 मे 8 विद्यार्थी तथा कक्षा 10 मे 6 विद्याथीर्यों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर के मैरीट प्राप्त की। गांव के सरपंच दीपक राणा, एस एम सी प्रधान जोगेंद्र , कुलविंदर राणा, बलविंदर शर्मा , राजबीर सिंह, विक्रम, श्रीराम , ग्राम पंचायत , एस एम सी सदस्यो एवं अन्य ग्रामीणो ने विद्यालय प्राचार्य मौजूद रहे।


गांव बीरबांगडा की बेटियां

## जिले में रबी सीजन में अब तक 718221 लाख मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

**जींद।** रबी सीजन के तहत जिले में गेहूं की खरीद एवं उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रगति पर है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीदे गए गेहूं का त्वरित उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि संभावित वर्षा जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से फसल की सुरक्षा हो सके और भंडारण व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव न आए। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 718221 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है। मंडीवार आंकड़ों के अनुसार अलेवा मंडी में 33817 मीट्रिक टन, छात्तर में 15007 मीट्रिक टन, जींद में 90720 मीट्रिक टन, नरवाना में 57841 मीट्रिक टन, जुलाना में 86261 मीट्रिक टन, सफीदों में 79131 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 62179 मीट्रिक टन, उचाना में 83835 मीट्रिक टन, नगूरां में 29ए384 मीट्रिक टन तथा धमतान मंडी में 21ए492 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# प्रेम विवाह-लिव इन बर्दाश्त नहीं

■ कुरूक्षेत्र की जाट धर्मशाला में खापों की महापंचायत।

**नरवाना।** सर्वजातीय बिनैन खाप प्रवक्ता संदीप हरियाणा ने जानकारी देते हुए बताया की देवो की भूमि कहे जाने वाले शहर कुरुक्षेत्र में रविवार को जाट धर्मशाला में सर्वखापों व सर्व संगठन की एक महापंचायत का आयोजन किया गया। जाट धर्मशाला के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद व सयुंक्त कमेटी द्वारा किया गया। महापंचायत में सामाजिक अहम तीन मुद्दे जो लव मैरिज समलेगिंगता व लिवरिलेशन का रहा। प्रधान कृष्ण श्योकंद ने ने कहा की जाट धर्मशाला कमेटी का आयोजन को लेकर एक ही मकसद है की सभी संगठन एक जुट होकर सामाजिक लड़ाई लड़े। सर्वखापों के प्रधान रघुबीर नैन ने तीनों मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कहा की समलेगिंगता एक ऐसी बीमारी है जिसकी सजा सिर्फ फांसी होनी चाहिए क्योंकि समलेगिंगता की बात करें तो आज पशु भी इस कार्य को नहीं करते जो आज हमारे समाज में इंसान कर रहे। विरोध करने पर हमें तालिबानी बता दिया था। प्रेम विवाह व लिवइन ने सामाजिक ढांचे को ध्वस्त कर दिया है। इस मौके पर सुरेंद्र व गुरनाम सहारन धमतान तपा प्रवक्ता रंगी रामए उझाना ब्लॉक प्रधान गुरमेल नैन धमतानए महामंत्री बलजीत, बलबीर लोन, सूरजभान, रोहतास नंबरदार मित्रपाल, संतोष दहिया, अशोक मालिक, हुशियार सिंह प्योदा इत्यादि मौजूद रहे।


जींद। पूंडरी एचएसवीपी मार्किट में पड़ी गंदगीं। फोटो: हरिभूमि

# कस्बे की सबसे महंगी हुडा मार्केट में लगे गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी एचएसवीपी मार्केट को देखकर ये नहीं लगता कि ये पूंडरी की सबसे महंगी मार्केट है। इसके सामने प्लेटफार्म और आसपास में फैली गंदगी के ढेर देखने से लगता है कि ये शहर का गंदगी डंपिंग यार्ड है। मार्केट व अनाज मंडी के बीच वाली सडक के साथ बनाया गया नाला भी गंदगी से अटा पड़ा है। आलम ये है कि मार्केट में नाले का गंदा पानी खाली पड़ी दुकानों व शोरूम की जगह में जमा रहता है और उसके पास गंदगी बिखरी हुई है। जिसमें पुरा दिन बेसहारा और आवारा पशु मुंह मारते रहते है। दुकानदार सोनू सिंगला, अशोक बंसल, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार व जरनैल सिंह ने बताया कि उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च मार्केट में दुकानें व एसीओ खरीद किए हुए है कि एचएसवीपी की मार्केट में उन्हें हर सुविधा मिलेंगी। लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। मार्केट के सामने सडक पर खोखा रेहड़ी वालों ने अतिक्रमण किया हुआ है और अनाज मंडी की साइड खाली जमीन में गंदा पानी हर समय जमा रहता है और गंदगी के ढेर लगे पड़े है। जिसकी तरफ न तो एचएसवीपी और न ही नगरपालिका पूंडरी का कोई ध्यान है। कई बार पालिका अधिकारियों को अवगत भी करवाया जा चुका है। ऐसी हालात में उनकी दुकानों की बिक्री पर भी काफी प्रभाव पड़ रहा है।

### करवाई जाती है रिपेयर

पूंडरी की एचएसवीपी मार्केट में नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाती है। इसके अलावा सीवरेज, लाइट व सडकों को भी समय-समय पर रिपेयर करवाया जाता है। मार्केट में जो प्लाट खाली पड़े हुए है, उसमें कई बार नाला अवरुद्ध होकर उसका पानी चला जाता है। दुकानदार व अन्य लोग भी खुले में कचरा डाल देते है। जिसकी वजह से भी समस्या आ रही है। सफाई नियमित रूप से करवाई जाती है। अब भी वे सफाई के लिए कर्मचारी भेज देंगे।

नरेश कुमार, सचिव पा पूंडरी।

## बाबा श्याम के भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालुगण, अनाज मंडी में कार्यक्रम

# सफीदों में धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम वंदना महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

श्री श्याम कृपा सेवा समिति के तत्वावधान में नगर की पुरानी अनाज मंडी में श्रभी श्याम वंदना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि अतिथि समाजसेवी सुरेंद्र गोयल ने शिरकत की। वहीं सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, समाजसेवी रामेश्वर दास गुप्ता, समाजसेवी कृष्ण राठी व समाजसेवी आजाद राठी की गरिमामयी उपस्थिती रही। अतिथियों ने ज्योत प्रज्ज्वलन करके समारोह का शुभारंभ किया।

समिति की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बाबा खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार व दरबार विशेष दर्शनीय रहा। वहीं श्रद्धालुओं ने अमृतमय भंडारा व छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन के पूरी सफीदों नगरी दुल्हन की तरह से सजी हुई थी। महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल (चंडीगढ़), साक्षी अग्रवाल (जयपुर), पलविंद्र पलक (फतेहाबाद) व राजेश गोयल आकर अपनी-अपनी स्वर लहरियां बिखेरकर बाबा श्याम खाटू की महिमा का गुणगान किया।

श्रद्धालु कन्हैया मित्तल के प्रसिद्ध भजनों हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, ओ सांवरे मुझे तेरी जरुरत है, श्याम काम करे डंके की चोट पे, भला किसी का कर न सको तो, खाटू धाम आना जाना मन्नै आच्छा लागै सै पर जमकर झूमे। बाबा श्याम महोत्सव में सफीदों ही नहीं बल्कि आसपास के अनेक जिलों के श्रद्धालुओं ने महोत्सव में पहुंचकर बाबा की महिमा गुणगान सुना और भजनों की धून पर जमकर थिरके। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष अपना माथा टेका और मन्नतें भी मांगी।


जींद। वंदना महोत्सव में सजाया गया बाबा श्याम का भव्य दरबार।

### हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा

श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर लख दातार की जय, हारे के सहारे की जय और खाटू नरेश की जय जैसे नारों से सफीदों मंडी को गुंजायमान किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि खाटू श्याम जी को भगवान श्री कृष्ण के कलियुगी अवतार के रूप में जाना जाता है। राजस्थान के सीकर जिले में बाबा का भव्य मंदिर है। बाबा श्याम सभी भक्तों की मुरादें पूरी करते हैं और उन्हे हारे का सहारा माना जाता है। मन को एकाग्र करके अपने चित्त को प्रभु के चरणों में लगाकर अगर बाबा श्याम कथा को श्रवण किया जाए तो सच्चे अर्थों में इसके फल की प्राप्ति होती है। संस्था के सचिव निशांत कंसल ने बताया कि समिति द्वारा हर वर्ष श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया जाता है और इस बार यह छठा आयोजन है। समिति जागरण के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती है।